दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 105 मुरादाबाद, 03 August 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 ₹ में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## महिला सशक्तिकरण पर सम्मेलन को पीएम ने किया संबोधित, बोले- जब महिला सशक्त होती हैं तो दुनिया सशक्त होती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब महिला सशक्त होती हैं तो दुनिया सशक्त होती है।जी-20 भारतीय अध्यक्षता के तहत महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है, जो दो से चार अगस्त तक चलेगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी कर रही हैं। वहीं इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब महिला सशक्त होती हैं तो दुनिया सशक्त होती है।महिलाओं के साथ, दुनिया समृद्ध होती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा




कि भारत महिला सशक्तिकरण में प्रगति कर रहा है। महिलाओं के साथ, दुनिया समृद्ध होती है। 46 फीसदी निर्वाचित अधिकारी महिलाएं हैं। भारत में 80 फीसदी से अधिक नर्स और दाइयां महिलाएं हैं। आगे कहा कि गांधी जी का चरखा भी एक महिला जिनका नाम गंगा बेन है, उनको ही मिला था। जब महिला सशक्त होती हैं तो दुनिया सशक्त होती है। आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है।

### राष्ट्रपति के बारे कही बड़ी बात

आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा तक महिलाओं की पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है, उनका नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाजें सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भारत की राष्ट्रपति भी इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण हैं। वे विनम्र जनजातीय पृष्ठभूमि से आती हैं और वे अब दुनिया की सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व कर रही हैं और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सुरक्षा बल की प्रमुख कमांडर के रूप में कार्य कर रही हैं। इस लोकतंत्र की जननी में सभी को, शुरुआत से ही, मतदान देने का अधिकार समान रूप से मिला है।भारतीय वायु सेना में महिला पायलट अब लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं महिला सशक्तिकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा में दाखिला ले रही हैं। भारत में, नागरिक उड्डयन में महिला पायलटों का प्रतिशत सबसे अधिक वायु सेना में महिला पायलट अब लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। महिला अधिकारियों को परिचालन भूमिकाओं में तैनात किया जा रहा है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है

राष्ट्रपति भारतीय विदेश सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका और प्रभाव वैश्विक विकास और वैश्विक शासन की सशक्त आवाज के रूप में तेजी से बढ़ रहा है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, चरमपंथ और आंतकवाद से मुकाबले जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की ओर देख रहा है। राष्ट्रपति भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस के 2022 बैच) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भूमिका और प्रभाव वैश्विक विकास और वैश्विक शासन की सशक्त आवाज के रूप में तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, भारत के बढ़ते कद का अर्थ है कि अब न केवल आपको अपने पारंपरिक कर्तव्यों का निर्वहन करना है। बल्कि आपके कंधों



पर हमारे राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक हितों की जिम्मेदारी भी है। मुर्मू ने सुझाव दिया कि उनकी सभी कोशिशों एवं गतिविधियों का एकमात्र उद्देश्य, देश की प्रगति और विकास होना चाहिए।।

### नहीं मिलता पर्याप्त एक्सपोजर- ठाकुर

अनुराग ठाकुर ने कहा, हिमाचल में पढ़ाई के क्षेत्र में लड़कियां अच्छा प्रदर्शन करती हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त एक्सपोजर नहीं मिल पाता है। ज्यादातर स्कूलों में शीर्ष 10 में से 7 छात्राएं ही होती हैं। लेकिन, इनमें से कई बच्चियां अपने जिले से बाहर भी घूमने नहीं जा पाती हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को छात्राओं ने सबसे पहले दिल्ली के आकाशवाणी केंद्र का भ्रमण किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्यसभा की उपसभापति पीटी ऊषा से भी मिलीं।

## मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के सांसदों ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन, खरगे ने पीएम पर साधा निशाना

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से मणिपुर में लोगों के पास खाना नहीं है, पानी नहीं है, बीमार लोगो के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।इन दिनों संसद में मानसून सत्र चल रहा है, हर दिन हंगामे में गुजर रहा है। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष सदन में पीएम मोदी के बयान पर अड़ा हुआ है। इस कड़ी में मणिपुर हिंसा लेकर विपक्ष के 31 सांसदों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने राष्ट्रपति से बिना किसी देरी के मणिपुर में शांति और सद्भाव स्थापित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। इंडिया गठबंधन के

### सांसदों ने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया से कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज, इंडिया गठबंधन के 31 सांसदों ने मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रपति से मुलाकात की। हमने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा है। इससे पहले बुधवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, जगदीप धनखड़ ने संसद




भवन में अपने कक्ष में विपक्ष के नेता (राज्यसभा), मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता, शरद पवार के साथ बातचीत की।

### हरियाणा के नूंह हिंसा का मुद्दा भी उठाया

ज्ञापन में विपक्षी सांसदों ने कहा है कि प्रधानमंत्री शांति बहाल करने के लिए संघर्षग्रस्त मणिपुर का दौरा करें। साथ ही विपक्षी गुट के 31 नेताओं ने हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक तनाव का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री कार्यालय से बमुश्किल 100 किमी दूर हो रहे घटनाक्रम की कोई परवाह नहीं है।

### मणिपुर का दौरा करने वाले सांसद भी गए थे राष्ट्रपति से मिलने

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया बात करते हुए कहा कि विपक्ष के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में मणिपुर का दौरा करने वाले सांसद भी शामिल थे। सभी ने राष्ट्रपति को मणिपुर की स्थिति से अवगत कराया और अपने विवरण साझा किए। आगे बोले कि हमने राष्ट्रपति से निवेदन किया हैं कि वह प्रधानमंत्री पर मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर तत्काल संसद को संबोधित करने के लिए दबाव डालें, जिसके बाद इस मामले पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हो।

### राष्ट्रपति ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को बताया कि किस तरह से मणिपुर में लोगों के पास खाना नहीं है, पानी नहीं है, बीमार लोगो के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। हमने बताया कि वहां किस तरह की घटनाएं हो रही हैं। खास तौर पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में राष्ट्रपति को बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वो इसे जरूर देखेंगी।

### दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामांकित करें

विपक्षी गुट इंडिया ने बुधवार को सुझाव दिया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राज्य की महिलाओं को हुए गंभीर नुकसान को सुधारने में मदद करने के लिए विभिन्न समुदायों की दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामित करें।

तृणमूल कांग्रेस नेता सुष्मिता देव ने यह सुझाव तब दिया जब विपक्षी गुट के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। सुष्मिता देव ने कहा कि मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामित करना मणिपुर के लिए एक छोटे उपाय के रूप में काम करेगा। राष्ट्रीय त्रासदी के इस समय में यह न्यूनतम उम्मीद है।

## राज्य सरकार पर बरसीं मायावती, कहा पूरी तरह से फेल हो चुकी है कानून व्यवस्था

बसपा सुप्रीमों मायावती ने हरियाणा में फैली हिंसा पर चिंता जताई है। पीटाई द्वारा जारी किए गये वीडियो में उन्होंने कहा कि यह दंगा चिंता का विषय है।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली के नजदीक हरियाणा में सांप्रदायिक दंगा भड़कना और गुड़गांव आदि में इसका बिना रोक टोक फैल जाना बेहद दुखद है। लोगों की संपत्तियों की भारी हानि होने से यह साबित होता है कि हरियाणा में मणिपुर की तरह ही कानून व्यवस्था ध्वस्त है। वहां का खुफिया तंत्र निष्क्रिय है। कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में हरियाणा की मदद करे।मायावती ने बुधवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जैसा हरियाणा राज्य का दावा है दंगा विहिप आदि की यात्रा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ। इससे यह स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार यात्रा को सुरक्षा देने में विफल रही है। कुल मिलाकर इससे वहां की



सरकार की नीति, नीयत व कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जब वहां की सरकार प्रस्तावित यात्रा, जुलूस तक को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो ऐसे आयोजन की अनुमति ही क्यों देती है। यह वह सवाल है जिसे हर सरकार को अपने आप से पूछना चाहिए। नूंह की घटना को देखकर लग रहा है कि हरियाणा के पास दंगा व उसे लेकर आगे भड़क रही हिंसा को रोकने की नीयत का अभाव है जो चिंता जनक है। वैसे भी मणिपुर हो या हरियाणा समेत अन्य राज्यों की शर्मनाक घटनाएं, दंगा एवं हिंसा को राजनीति तथा संकीर्ण स्वार्थ पूर्ति का साधन बनने की अनुमति किसी भी राज्य सरकार को नहीं देनी चाहिए। लोगों की जान माल और मजहब की सुरक्षा राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है। बसपा ने चार बार हुकूमत कर प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतरीन बनाई। बसपा की मांग है कि हरियाणा राज्य सरकार को सुरक्षा और अमन चैन बहाली का ईमानदार प्रयास करना चाहिए। केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार की मदद को आगे आना चाहिए ताकि वहां हालात आगे न बिगड़ने पाएं। इसकी आशंका को लेकर ही दिल्ली, यूपी व अन्य राज्यों में रेड अलर्ट किया गया है जो उचित कदम भी है। उन्होंने हरियाणा व इससे सटे राज्यों से शांति बनाने की अपील की।मुख्यमंत्री ने की शांति बनाए रखने की अपील - मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को कहा कि हरियाणा के नूंह जिले में हुई हिंसा में छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। नूंह घटना में जान गंवाने वाले दो होमगार्ड और चार आम नागरिक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की है। हरियाणा के सीएम ने कहा कि राज्य पुलिस की 30 कंपनी और केंद्रीय सुरक्षा बल की 20 कंपनी तैनात हैं। केंद्रीय सुरक्षा बल की 20 कंपनी में से हमने 3 पलवल, 2 गुरुग्राम, 1 फरिदाबाद और 14 कंपनी नूंह में तैनात की हैं। अभी तक 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनको रिमांड पर लिया जाएगा।

## संपादकीय Editorial

### Another communal attack

Just yesterday, we had published an analysis questioning communal violence, mob lynching and harmony. UP Chief Minister Yogi Adityanath made a pro-Hindu statement on the Gyanvapi controversy, while the Allahabad High Court verdict is due on 3 August. Inside Gyanvapi, symbols like trishul, bells, kund, swastika etc. are inscribed on the walls. Deities have also been made. Yogi made it clear whether Gyanvapi was a temple or a mosque! These are all known facts, because surveys were conducted under the leadership of two commissioners appointed by the court, but on those grounds the nearly 400-year-old temple-mosque dispute cannot be resolved. It is obvious that communal mindset was working behind Yogi's statement, so that polarization could be done on the same basis. Our country is divided on communalism vs secularism. Although their advocates are not even aware of their meaning. They cannot even clearly explain these two words, these two concepts. Meanwhile, in Nuh district of Mewat area of Haryana, communal violence showed frenzied dance. Around 100 vehicles were burnt. Vandalized as well. Three including two Home Guard jawans were killed. More than 50 police officers, employees and others have been injured. The condition of some is said to be critical. The miscreants looted and torched the shops.

Section 144 had to be implemented by sealing the boundaries of Nuh. Communal sparks have reached Gurugram, Palwal, Sohna, Faridabad, so an alert has been pasted in those areas as well. Internet and SMS services have been suspended for the time being till 12 midnight on Wednesday, 2nd August. Police force has been called from three other districts. 20 companies of paramilitary forces are also being deployed. There is communal tension in the area. Incidents of firing and stone pelting are happening intermittently. Undoubtedly the area of Mewat is like a 'Chakravyuh' and this 'Chakravyuh' is woven by Muslims. About 80 percent of the population of the area is Muslim and the remaining 20 percent of the population belongs to other communities including Hindus. Mewat is also a besieged hub of cyber crime. The illiterate community here collects millions of ransom through cyber crimes, but most of the criminals are far away from the law and the police. The important and worrying question is why the communal attack? Why has the mob become so hysterical and toxic? When will this nature change? After all, what is the reason behind the communal frenzy? In fact, a procession of Lord Shankar is taken out every year in the month of Sawan. The participation of Hindu organizations like Vishva Hindu Parishad, Bajrang Dal and Matrushakti Durga Vahini in 'Brajmandal Yatra' is also a tradition. This time the stone pelting and communal attack on the procession was 'unprecedented'. It is also being analyzed that the two Muslim youths who were burnt to death in Bhiwani, Haryana and Monu Manesar was named as the main accused, this attack was a retaliation for the murder of Nasir-Junaid. The deceased Muslim youths were accused of cow-smuggling. It was publicized through a video that Monu Manesar could also participate in the procession, so the attack strategy was prepared in advance. Monu did not turn up, nor has the police caught him yet. It has the open support of the Sangh Parivar. How can the police intervene? There is a BJP government in the state. However, in the wake of such communal violence and murderous attacks, the question remains that why there is so much hatred, so much division between Hindus and Muslims, when they have been living together for decades? There is also sociality between them, they are citizens of the same country.

# Big question: If India is India then why the need to change the name?

The right to change the name of states or their formation and expansion has been given to the Parliament under Article 3 of the Constitution, but changing the name of the country is not mentioned anywhere separately. Therefore, this work can be done only under Article 368 of the Constitution. According to this provision, the removal of the name India from the Constitution would require amendment of the relevant provisions where the name "India" is mentioned. The very existence of the alternative constitutional name "India" has been questioned. Even before this, the name India was challenged in the Supreme Court, which was rejected by the Supreme Court on 3 June 2020. At that time, a person from Delhi filed a petition to remove it from Article 1 of the Constitution, calling it a colonial word. On which the bench of the then Chief Justice Arvind Bovde had said that it has been clarified earlier in the constitution that India is only India. But now the ruling BJP MP Naresh Bansal has also raised it in the Rajya Sabha. Demand to remove the name India has arisen from BJP- The demand of Rajya Sabha MP Naresh Bansal from Uttarakhand cannot be taken lightly. He has also drawn the Prime Minister's attention to his speech given last year from the ramparts of the Red Fort, in which the Prime Minister had said that the country has to be freed from the colonial symbols symbolizing the story. Along with this, one of the 5 vows for the nectar of freedom is to liberate the country from the colonial mindset. The Modi government at the Center has done the difficult task of removing Article 370 and is moving towards Uniform Civil Code. Therefore, before the upcoming 2024 Lok Sabha elections, it will not be surprising if Article 1 of the Constitution is amended and the word "India" is removed. Anyway, the campaign to erase and rename the symbols that remind of the colonial rule is going on in the country. There is no separate provision to change the name of the country - the right to change the name of the states or to form and expand them Article 3 of the Constitution has been given to the Parliament under, but there is no separate mention of changing the name of the country. Therefore, this work can be done only under Article 368 of the Constitution. According to this provision, the removal of the name India from the Constitution would require amendment of the relevant provisions where the name "India" is mentioned. Depending on the nature of the provision to be amended, it may require a simple majority or a special majority. However, like any constitutional amendment, there are some 'basic features' of the constitution which cannot be amended. These basic features, also known as the "basic structure" doctrine, include those elements that form the essence and identity of the Constitution and the country. The people of India chose India, the British did not impose it - Part 1 Article (1) of the Constitution mentions the name and territory of the country. In which it is clearly written that the name of the union of states will be India i.e. Bharat. It is clear that the constitutional name of the country is both India and Bharat. This name was adopted by the Constituent Assembly on behalf of the people of India on 26 November 1949 along with the Constitution and it came into force on 26 January 1950. In the historic moment of the birth of the new republic India, the last Governor General of India Chakravarti Rajagopalachari According to the Constitution adopted by the people of India in the Constituent Assembly on 26 November 1949, declaring India as a Sovereign Republic, it was said, "And whereas it is declared by the said Constitution that India, that is, India, shall be a Union of States which shall include those territories within the Union which were hitherto Governor's Provinces, Indian States and Chief Commissioners' Provinces." The word or name "India" is of great significance to the country because of its historical and cultural significance. The name 'India' has a long history and is associated with one of the oldest civilizations in the world. The name has been used for centuries to refer to the region and its people. Maintaining this name ensures historical continuity and a sense of cultural identity. The name "India" serves as a unifying factor for the diverse cultures within the country. India is a multi-ethnic, multilingual and multi-religious nation and the name "India" provides a sense of shared identity and unity among its citizens. The name India is widely recognized internationally. It is the official name used in international relations, diplomatic negotiations and various global platforms. The process of renaming will be complex—the name India is enshrined in the country's constitution and legal documents. Renaming would require complex legal and constitutional procedures, which would be challenging to implement. The name India has become a brand for the country, representing its rich culture, heritage and traditions. It plays an important role in promoting tourism and attracting tourists from all over the world. India has played an important role in world history and has been a center of trade, culture and knowledge for centuries. The name India carries with it this historical and global influence. Overall, the name "India" holds great significance for the country both domestically and internationally, as it Embraces rich history, diverse culture and unique identity in the global community. It is true that the British have used the word India to rule India. Still, it cannot be said to be a name given or imposed by the British. If you go through the pages of history, Indus was also another name of Indus river. The civilization that developed on the banks of this river was called the Indus Valley Civilization. The Indus river was named Indus by the foreigners who came to India. Due to the Indus civilization, the old name of India was also Sindhu, which was also called Indo or Indus in Greek. When this word reached the Latin language, it changed to India. The book "Indica" written by Megasthenes in the Maurya period is also a proof that the word India itself is the ancient name of India and was not imposed on India by the British. The people of the world knew India only by the name of India. The government itself will have to face an uncomfortable situation if it removes this word from the constitution, being distracted by the name of the opposition coalition India. Prime Minister Narendra Modi has so far started at least 135 public welfare and progressive schemes, whose benefits are being received by the country. At least a dozen such schemes are running in the name of India, including Make in India, Khelo India, Fame India, Digital India, Skill India, Startup India, Stand Up India and Digital India etc. These schemes are directly related to the public, so the explanation for changing the name will have to be given directly to the public. Anyway, the alliances of the opposition parties continue to deteriorate. Their names also keep changing. The people of the country will decide how rational it would be to keep changing the name of the country along with the deteriorating political names.

# Year round tourism

Tourism in Himachal sometimes snatches away the flourishing season like a trickster, and sometimes the innocence of tourism distorts its full potential. All the hotels, restaurants, dhabas and gift centers are sad because of the consequences of those who have heard or the news that has declared the deadly pattern of Himachal rains crazy. In the worst case scenario, a trip to the Kullu Valley is reporting loss of tourism. The daggers of Beronak have scratched more or less every tourist place. A code of conduct will have to be made to make the extremist approach of Himachal tourism active throughout the year. Of course, we are reducing the rates by considering the stove of rainy tourism as cold. The biggest hotels are being sacrificed at half the rates, so this is the season to think. It is not that there is havoc of rain in every area of Himachal, but there should be strong advocacy for the presentation of tourism facilities with caution. Summer vacation in the plains has started filling Himachal with tourism. This habit has spoiled the so-called tourist season. It is necessary that we think of a way to preserve this capacity for the whole year.

Due to moonlight for four days in the tourism sector, the entire industry will remain hungry and thirsty, but it also needs to be considered why the image of the state gets defeated in the competition between Himachal and Jammu and Kashmir. The annual tourism calendar will not be complete at places like Manali, Atal Tunnel or Shimla, but when we carve out tourism in the plains of Una, Hamirpur, Sirmaur or Kangra, tourists will come throughout the year. Whether they come in winter, summer, rain, spring or for some special purpose, Himachal will have to set its new destinations. There is also a need to understand the existing and changing character of tourism in Himachal.

We have to increase our capacity and possibilities in our diversity in line with or away from what is happening internationally or in the tourism of the country. The plains of Una, Hamirpur, Bilaspur, Kangra, Mandi and Sirmaur can drench tourism in the year-round calendar. Of course, there is some vision of the present or before that even the previous governments made a few attempts in the lower areas, but these works demand that infrastructure, which irrigates the year-round tourism even in adverse conditions. This blueprint can be drawn through youth, student, cultural, heritage and religious tourism in Himachal. If Himachal can take vocational students of its 750 schools on educational tour across the country, then we have to register our uniqueness to strengthen Himachal tour of all the students of the country. In such a situation, if a science city is developed between Nadaun and Bhota, then Himachal's tourism share will increase in terms of student and knowledge tourism. If our universities organize national level sports, cultural and ideological activities from the point of view of tourism, tourism will develop throughout the year. Accordingly, develop the format of Film City along with the heritage buildings of Garli-Paragpur, then tourism will be populated throughout the year. If all the religious complexes are developed as major centers of cultural activities, song-music gatherings and mythological dance styles, then not Mandi Chhoti Kashi, the cultural capital of Himachal and every temple will be able to continuously attract tourists with the heritage of our folk music. Himachal's tourism has no match from March to June, festivals and waiting for snow from October to February drag it to some extent, even then there will be a need to bridge the gap between July, August and September.

# सोनकपुर स्टेडियम में सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों का अभ्यास हो रहा प्रभावित

मुरादाबाद-सोनकपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैंडमिंटन खिलाड़ी बीते एक साल से अभ्यास करने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन, इन खिलाड़ियों को स्टेडियम के जिम्मेदारों की ओर से आश्वसन मिल रहा है। बॉक्सिंग और हैंडबॉल के खिलाड़ी भी पर्याप्त सुविधा न मिलने से परेशान हैं। स्टेडियम में स्मार्ट सिटी के तहत 5.4 करोड की लागत से सौंदर्यकरण किया जा रहा है। यहां काम करीब एक साल से चल रहा है। जिसमें बैंडमिंटन कोर्ट को दोबारा बनाया गया है। इस कोर्ट को बने तो काफी समय हो गया है। लेकिन खिलाड़ी को अभी भी इस पर अभ्यास का इंतजार है। क्योंकि स्मार्ट सिटी ने इसे अभी स्टेडियम को नहीं सौंपा है। बॉक्सिंग रिंग का भी यहीं हाल है। इसमें भी खिलाड़ी सिर्फ समय बिता कर रहे हैं। हैंडबाल मैदान को बनाया जा रहा है। लेकिन, इसकी रफ्तार धीमी होने से खिलाड़ी का नुकसान हो रहा है। यहां बैंडमिंटन और हैंडबाल खिलाड़ी बीते एक साल से अभ्यास से दूर हैं। बॉक्सिंग खिलाड़ी भी




अधिकांश समय मैदान पर पंच मारते मिलते हैं। क्योंकि बॉक्सिंग रिंग के नाम पर अभी यहां सिर्फ खानापूर्ति की गई है। इन सब परेशानियों के बीच खिलाड़ियों का काफी नुकसान हो रहा है। हैंडबाल खिलाड़ी प्रियंका सिंह, रोहित कुमार आदि ने बताया कि वे लंबे समय से यहां अभ्यास नहीं कर पा रही हैं। क्योंकि हैंडबाल मैदान पर काम चल रहा है। जिससे अभ्यास में काफी परेशानी हो रही है।

## खिलाड़ियों को नहीं मिल रही पर्याप्त जगह

सोनकपुर स्टेडियम में 12 से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। लेकिन, स्मार्ट सिटी के तहत मैदान में बॉक्सिंग रिंग, हैंडबाल मैदान का निर्माण हो रहा है। जिससे मैदान में जगह काफी कम हो गई है। हॉकी, एथलिट, क्रिकेट आदि खेलों के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा है। जिससे खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है। जिसकी शिकायत खिलाड़ियों ने जिला क्रीड़ा अधिकारी और जिलाधिकारी से भी की। लेकिन, अभी तक इन खिलाड़ियों की परेशानी को कोई हल नहीं निकला।

## छात्रावास के निर्माण में नहीं आई तेजी

स्टेडियम में छात्रावास के लिए शासन की ओर से लगभग पांच करोड़ की धनराशि स्वीकृति हुई थी। पहली किस्त के रूप में विभाग को 86 लाख रुपये आवंटित हो चुके हैं। लेकिन छात्रावास निर्माण में तेजी नहीं आ रही है। बताया कि बालक और बालिका छात्रावास बनने के बाद कई खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे सरकार की हर मंडल में एक खेल छात्रावास होने की मंशा भी पूरी होगी, लेकिन संबंधित अधिकारी निर्माण को लेकर हीलाहवाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सिर्फ यही कारण नहीं डिजाइनिंग में गड़बड़ी का भी मामला है, जिस वजह से छात्रावास के निर्माण को गति नहीं मिल पा रही है। बैंडमिंटन कोर्ट, जिम का काम पूरा हो चुका है। लेकिन, स्मार्ट सिटी की ओर से उसे अभी स्टेडियम को नहीं सौंपा गया है। स्टेडियम में काम चल रहा है। जिस वजह से खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी हो रही है। जैसे ही स्मार्ट सिटी का काम पूरा हो जाएगा। सभी को पर्याप्त जगह मिलेगी।-प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी

# इरम-गुलजार के बीच दो साल से चल रहा था विवाद, पुलिस जुटा रही साक्ष्य

मुरादाबाद-घटना के बाद से घर में ताला बंद, परिवार के सभी सदस्य फरार, गुलजार के खिलाफ इरम ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट लकड़ी करोबारी मोहम्मद गुलजार की उसकी दूसरी पत्नी इरम से दो साल से विवाद चल रहा था। जिसमें गुलजार के खिलाफ इरम ने मुकदमा भी दर्ज कराया था। बाद में उसके पति ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट की शरण ले ली थी। मंगलवार को उत्तराखंड के नैनीताल में तल्लीताल क्षेत्र स्थित नेशनल होटल में इरम की मौत के बाद पति के भाग जाने के बाद दोनों के विवाद की नई कड़ी सामने आई है। मुहल्ले में घटना को लेकर लोग खूब मुखर है। इरम की मौत के बाद गुलजार के परिवार के सभी सदस्य गायब हैं। क्षेत्रीय पार्षद के पति फहीम ने बताया कि इरम कई दिनों से यहां नहीं देखी गई थी। नैनीताल से लोगों को जानकारी मिली कि महिला का पति अस्पताल का पता पूछकर होटल से फरार हो गया। अब इस मामले में पुलिस साक्ष्य जुटा रही है।होटल में मिला शव महानगर में रहमत नगर गली नंबर-4 गुलाम रसूल मस्जिद के पास की निवासी इरम खान ( 32 ) का है। इरम पति मो.गुलजार के साथ नैनीताल घूमने आई थी। दोनों तल्लीताल स्थित नेशनल होटल के कमरा नम्बर 202 में ठहरे थे। लजार ने होटल कर्मियों से बीवी की तबियत खराब होने की बात कहकर अस्पताल की



जानकारी पूछी। फिर होटल से निकलने के बाद गुलजार दोबारा नहीं लौटा। उधर, गुलजार के पड़ोसियों का कहना है कि गुलजार तीन भाई है। इसका लकड़ी के गुटके बनाने का कारोबार है। दो भाइयों से भी इसकी नहीं बनती है। इरम गुलजार की दूसरी बीवी है, जबकि पहली पत्नी से चार बच्चे हैं। गुलजार से इरम के अभी कोई संतान नहीं थी। इरम से गुलजार का विवाद चल रहा था। घटना के बाद से उसके घर में कोई नहीं है, ताला लगाकर पूरा परिवार गायब है।

## पर्यटक का शव नैनीताल के होटल में मिला

नैनीताल। तल्लीताल क्षेत्र स्थित नेशनल होटल से एक महिला पर्यटक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। महिला का पति अस्पताल का पता पूछकर होटल से फरार हो गया। फॉरेन्सिक टीम ने कमरे से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि रहमत नगर गली नंबर-4 गुलाम रसूल मस्जिद मुरादाबाद निवासी इरम खान ( 32 ) पति मो. गुलजार के साथ नैनीताल घूमने आई थी। वह दोनों तल्लीताल स्थित नेशनल होटल के कमरा नम्बर 202 में ठहरे हुए थे। मंगलवार दिन में गुलजार ने होटल कर्मियों से बीवी की तबियत खराब होने की बात कहकर अस्पताल की जानकारी पूछी। जिस पर होटल कर्मियों ने बीडी पांडे जिला अस्पताल जाने की बात कही, जिसके बाद वह होटल से तेजी से निकल गया, लेकिन फिर लौटा नहीं। शाम पांच बजे तक कमरे में कोई हलचल न होने के चलते होटल कर्मियों ने कमरे में देखा तो वहां महिला बेसुध अवस्था में मिली। जिस पर होटल कर्मियों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सीओ के साथ एसओ रोहिताश सिंह सागर व एसआई दीपक बिष्ट, संदीप नेगी होटल पहुंचे। कमरा अंदर से बंद होने पर एक पुलिसकर्मी ने खिड़की के रास्ते कमरे में घुसकर दरवाजा खोला तो अंदर बेड पर महिला मृत अवस्था में मिली। जब उसके पति को सम्पर्क करने के लिए फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ आया।

## पूर्व में कई बार आ चुके थे दोनों

सीओ के अनुसार, होटल कर्मियों ने पूछताछ में बताया कि इरम और उसका पति पूर्व में भी कई बार नैनीताल घूमने आ चुके हैं और इसी होटल में ठहरते थे।

दोनों सोमवार देर शाम नैनीताल पहुंचे थे और मंगलवार दोपहर एक बजे गुलजार बाइक से होटल से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा।

# 11 साल के जगदीश प्रसाद शर्मा बने थे आंदोलनकारियों की प्रेरणा

मुरादाबाद-जुलूस की भीड़ में आयु और लंबाई में सबसे छोटे थे जगदीश प्रसाद शर्मा, अंग्रेज ने मारी थी, गोली हो गए थे शहीदभारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने वालों में जगदीश प्रसाद शर्मा का नाम कौन नहीं जानता। जी हां, पंडित बाबूराम के बेटे जगदीश प्रसाद शर्मा ने अपने शौर्य से अंग्रेजों की हिम्मत तोड़ दी थी। नौ अगस्त 1942 का दिन था। गांधी की भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा होते ही मुरादाबाद के लोगों में जोश बढ़ गया था। महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा होते ही लोगों में बढ़ गया था जोश भीड़ को तितर-बितर करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने गोली चलाने के दिया था आदेश शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए आजादी के दीवाने गांधी जी की घोषणा के पहले ही दिन जिले के आसपास के युवा भी आंदोलन में आ गए थे। फिर दरीबा पान से लोग तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय, अंग्रेजों भारत छोड़ो' नारे लगाते हुए आजादी के दीवाने आगे बढ़ रहे थे। इसमें जगदीश प्रसाद शर्मा अन्य सभी लोगों से आयु और लंबाई में लगभग छोटे थे। उनकी आयु केवल 11 साल की थी। लेकिन, उनके शौर्य और पराक्रम ने तमाम युवाओं को प्रेरणा देने वाला था। जगदीश जैसे बालक को आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते देख अन्य युवा और बुजुर्ग तक जुलूस में शामिल हो रहे थे। आंदोलन की घोषणा का दूसरा दिन 10 अगस्त था, दरीबा पान से जुलूस निकल रहा था। इसका नेतृत्व अधिवक्ता राम मोहन लाल कर रहे थे। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। भीड़ के पीछे न हटने पर उस समय के डीएम-एसपी भी भयभीत हो गए थे। बाजार बंद थे। भीड़ को तितर-बितर करने का जब कोई रास्ता अंग्रेज अधिकारियों को नहीं मिला तो उन्होंने गोली चलाने के आदेश दे दिया था। इस दौरान जगदीश प्रसाद शर्मा ने वह कर दिया जिसके लिए वह हमेशा के लिए भारतीयों के दिलों में जीवित हैं। जगदीश प्रसाद शर्मा ने डीएम-एसपी और भारी पुलिस बल के सामने खंभे पर चढ़कर तिरंगा लहरा दिया था, तभी किसी पुलिसकर्मी ने उन पर गोली चली दी और वह शहीद गए थे। वैसे इस गोलीकांड में अन्य कई लोग भी शहीद और घायल हुए थे। इसके बाद अंग्रेजी अधिकारियों से गुस्साए आंदोलनकारियों ने कांकाठेर और मछरिया स्टेशन में आग लगा दी थी।। अगस्त के दिन से भी अधिक संख्या में आंदोलनकारियों ने महानगर में जुलूस निकाला। रेलवे स्टेशन, थाना व अन्य सरकारी कार्यालयों में जमकर तोड़फोड़ की थी। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान हथियार बंद जत्थे के साथ गश्त लगाकर लौट रहे थे, तभी दरीबा पान से मंडी चौक तक लोगों की भीड़ देखी। 150 लोगों से अधिक की भीड़ में भारी रोष था, सभी के हाथों में तिरंगा और 'भारत माता की जय, अंग्रेजों भारत छोड़ो' जैसे तेज आवाज में नारे लगाए जा रहे थे। पुलिस ने आंदोलनकारियों की तरफ दौड़ते हुए गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं। दरीबा पान के पास ही जगदीश प्रसाद शर्मा के गोली लगी जहां वह शहीद हो गए।... और जब रेलवे स्टेशन पर लूटे टिकट आजादी के दीवानों का जुलूस मंडी चौक से होकर अमरोहा गेट, चौमुखापुल, कोतवाली के समाने से होता हुआ बाजार गंज, चौक गुरहट्टी, परसादी लाल रोड पर होकर रेलवे स्टेशन पहुंचा था। जहां भीड़ ने रेलवे स्टेशन के टिकट वितरण काउंटर पर टिकट लूट लिए और जमकर तोड़फोड़ कर गुस्सा ठंडा किया था।

# महानगर में पिंक शौचालय की सुविधा बनी मजाक, उचित रखरखाव न होने से महिलाएं करती हैं जाने से परहेज

मुरादाबाद-महिलाओं की संख्या को देखते हुए और शौचालय की जरूरत, उचित रखरखाव न होने से शौचालय में जाने से महिलाएं करती हैं परहेजआधी आबादी के लिए नगर निगम प्रशासन ने बुधबाजार में सिर्फ दो पिंक शौचालय बनाया है। जबकि उनकी संख्या के अनुपात में यह बहुत कम है। इस पिंक शौचालय में महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, नैपकिन इंसीनेटर मशीन भी लगी है। इसके




अलावा महानगर में 29 सार्वजनिक शौचालय में महिलाओं के लिए 89 सीटर है। मगर शौचालयों का उचित रखरखाव न होने से इसमें जाने से महिलाएं परहेज करती हैं। महानगर में बुधबाजार में ही केवल पिंक शौचालय होने से महिलाओं के लिए इसकी और जरूरत है। जबकि इसके अलावा महानगर में अब तक 29 सार्वजनिक शौचालय बने हैं। जिसमें सीटों की संख्या 229 है। जिसमें पुरुषों के लिए 136 और महिलाओं के लिए 89 सीटर है। दिव्यांग पुरुषों के लिए 9, दिव्यांग महिलाओं के लिए अलग से दो शौचालय हैं। शौचालयों का रखरखाव और सफाई ठीक से न होने से लोग इसका उपयोग करने से बचते हैं।इसके अलावा महानगर में 11 सामुदायिक शौचालय बने हैं। जिसमें सीटों की संख्या 88 है। पुरुषों के लिए 45 और महिलाओं के लिए 41 सीटर है। जबकि दिव्यांग पुरुष के लिए 2 सीटर हैं। इसके अलावा अब ईको फ्रेंडली टायलेट भी कई जगह स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बने हैं। मगर कई शौचालयों में गंदगी पसरी है तो कई जगह ताले लटके रहते हैं। नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव का कहना है कि महिलाओं के हित के लिए और पिंक शौचालय बनाए जाने चाहिए। पिंक शौचालय बुधबाजार के अलावा काली माता मंदिर के पास लालबाग में संचालित है। नगर निगम जोनल सैंनिटरी अिधकारी महेश चंद्र वर्मा का कहना है कि अन्य जगहों पर भी पिंक शौचालय बनेगा।

# अब 10 अगस्त तक ले सकेंगे बीमा योजना का लाभ

मुरादाबाद- प्राकृतिक आपदा से किसान की फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। फसल में होने वाले नुकसान से बचने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चला रखी है। किसान अपनी खरीफ फसल का बीमा कराएं। अब इसकी तिथि 10 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान इसका लाभ ले सकें। शासन ने इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को नामित किया है। कंपनी ने कांशीराम कालोनी में अपना कार्यालय खोल रखा है। उप कृषि निदेशक ऋतुषा तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की फसलों का बीमा कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने कंपनी को भी नामित कर दिया है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई तक बीमा होना था, लेकिन अब शासन ने इसे 10 अगस्त तक बढ़ा दिया है। अगर प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान होता है तो बीमा का लाभ दिया जाएगा। बताया कि पिछले साल जिले के 15,875 किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया था। जिन किसानों ने फसल के नुकसान की जानकारी समय से कंपनी को दी, तो ऐसे 347 किसानों को 61.24 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा सीधे उनके खातों में भेजी गई थी। बताया कि किसान अपनी फसल का बीमा अब 10 अगस्त तक संबंधित बैंक शाखा, जनसेवा केंद्र या केंद्र सरकार के पीएमएफबीवाई पोर्टल पर करा सकते है।

## किसानों के मोबाइल नंबरों को किया जा अपडेट

मुरादाबाद- गन्ना सट्टा प्रदर्शन के दौरान खासतौर पर किसानों के मोबाइल नंबरों को अपडेट किया जा रहा है। फोन नंबर गलत अंकित होने से किसानों को गन्ना पर्ची मिलने में परेशानी आती है। क्योंकि किसानों को पर्ची मोबाइल एसएमएस के जरिए मिल रही है। इससे किसानों को फायदा मिल रहा है। लेकिन, कभी-कभी मोबाइल नंबर अपडेट न होने से किसानों को पेराई सत्र में दिक्कत होती है। उप आयुक्त गन्ना हरपाल सिंह ने बताया कि गन्ना सट्टा प्रदर्शन के दौरान किसानों के रिकार्ड को अपडेट किया जा रहा है। जिससे किसानों को पेराई सत्र में पर्ची मिलने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यह अभियान 20 अगस्त तक चलेगा। किसान खुद भी मोबाइल नंबरों को अपडेट कराएं।

## किसान सम्मान निधि योजना का नहीं मिल रहा लाभ

मुरादाबाद- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ कुछ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। शिकायत के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

एक किसान ने बताया कि जब से योजना शुरू हुई है। उसे एक भी किस्त नहीं मिली है। पहले सरकार ने लघु और सीमांत किसानों के लिए ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को शुरू किया था। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव के बाद सभी किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसमें एक किसान परिवार को छह हजार रुपये हर साल मिलते हैं। यानि हर चार माह में दो हजार रुपये मिलते हैं। पिछले माह शासन के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर भी लगाए गए। जिससे किसानों की समस्याओं को दूर किया जा सके।किसान खरीफ फसल को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा कराएं

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## इस्लामिक कट्टरवाद को लेकर कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर और एटा कलेक्ट्रेट पर किया जमकर प्रदर्शन, कल्याण सिंह चौराहे पर पुतला फूंका

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-एटा में विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल ने हरियाणा के मेवात हिंसा और इस्लामिक कट्टरवाद को लेकर कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर और एटा कलेक्ट्रेट पर किया जमकर प्रदर्शन, कल्याण सिंह चौराहे पर पुतला फूंका, वीएचपी और बजरंग दल के लोगों ने एटा के कल्याण सिंह मार्ग चौराहे पर पुतलें को जूते मारते हुए फूंका पुतला, कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन संबोधित करते हुए एडीएम वित्त/राजस्व आयुष चौधरी को सौंपा ज्ञापन, शिवांग गुप्ता जिला मंत्री ( विश्व हिन्दू परिषद् ) के नेतृत्व में वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ रूपये और घायलों को 20-20 लाख रुपए देने की मांग की, ङ्क।क्कऔर बजरंग दल के आक्रोशित कार्यकर्ता धरना स्थल कैलक्ट्रेट पर पैदल पहुंचकर कल्याण सिंह मार्ग चौराहे पर इस्लामिक कट्टरवाद के पुतले को जूते मारते हुए पुतला जलाया, वीएचपी और बजरंग दल के जिला मंत्री शिवांग गुप्ता ने कहा जिस तरह नूंह में इस्लामिक कट्टरवाद जिहादी उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी कर बजरंग दल कार्यकर्ता व अन्य 6 हिंदू लोगों की निर्मम हत्या को उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया, विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ताओं ने आज पूरे भारत के हर जिलों में एकत्रित होकर विरोध जताते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपें है।

## लिपिक विदुर पाल पर दीपाली भार्गव को रिश्वत देकर रज्जू के पक्ष में आदेश कराने का आरोप

हारुन बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद नगर के मोहल्ला सिविल लाइन मडैया निवासी सुधीर दिवाकर ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के लिपिक विदुर पाल सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है कि उन्होंने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के तबादले के बाद भू माफिया रज्जू उर्फ खालिद के पक्ष में आदेश कराया है शिकायती पत्र देकर डीएम को अवगत कराया गया कि सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने 1 जून को भू माफिया रज्जू उर्फ खालिद के ब्लू हेवन होटल को गिराने का आदेश दिया था फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने 9 जून को रज्जू के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया जबकि थाना मऊदरवाजा पुलिस ने रज्जू के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की 27 जून को अखबारों में सिटी मजिस्ट्रेट का तबादला होने की खबर छपी थी बताया जाता है रज्जू एवं लिपिक विदुर पाल ने सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश को वापस लिए जाने का षड्यंत्र रचा रज्जू ने विदुर पाल को मोटी रकम दी विदुर पाल विदुर पाल ने कानपुर स्थित श्रीमती दीपाली भार्गव के आवास पर जाकर उनको मोटी रकम दी और 1 जून की तिथि में सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा रज्जू के विरुद्ध पूर्व में पारित किए गए आदेश को वापस लेने के आर्डर पर हस्ताक्षर कराए सुधीर दिवाकर ने आरोप लगाया कि विदुर पाल भ्रष्टाचार में लिप्त है उसने भ्रष्टाचार करके अकूत संपत्ति एकत्र की है जिलाधिकारी से सिटी मजिस्ट्रेट के तबादले के बाद पारित किए गए अबैध आदेश को निरस्त करने एवं लिपिक विदुर पाल के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की डीएम ने इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र एवं लिपिक विदुरपाल को तलब कर किया इस बात की जानकारी मिलते ही विदुर पाल बीते दिन अवकाश पर चला गया बताया गया कि मोटी रकम मिलने पर विदुर पाल विरोधी की फाइल ही गायब कर देता है इसने पहले भी महत्वपूर्ण फाइल गायब की और अभी भी एक फाइल गायब करने की सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा रिपोर्ट मांगी गई है अधिक कमाई करने के लिए विदुर पाल ने कार्यालय में अवैध रूप से कई गुर्गो को लगाया है मालूम हो किस सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव का तबादला होने पर पीड़ित लोगों ने काफी खुशी जताई थी प्लाटिंग गिराने की चेतावनी देखकर लाखों की वसूली किए जाने के कारण प्लाटिंग कारोबारी भयभीत हो गए थे किससे कितने रुपए वसूले गए अब इस बात की चर्चा होने लगी है नक्शा पास करने के नाम पर पर भी मोटी रकम वसूल की जाती है

## चोरो ने चटकाए ताले ,एक मेडिकल व घर को बनाया निशाना

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जैथरा कस्वा मे बीती रात को एक मेडिकल व एक घर को बनाया निशाना,एटा अलीगंज मार्ग पर जखा चौराहे पर आशीष मेडिकल स्टोर व मिथलेश देवी के घर को चोरो ने लाखो रुपयों की नकदी व जेबर एवं मेडिकल से बीस हजार रुपये के लगभग व कीमती दवाईयो को चोर चुरा ले गये । करीब रात को ढाई तीन बजे के आस पास चोरो ने पहले मेडिकल स्टोर पर धावा बोला,जैसे ही आवाज सुनकर महिला मिथलेश ने वाहर आकर देखा तो चोरो ने महिला को बस मे करके उनके घर पर भी धावा बोल उनके घर पर भी चोरी कर ले गए।पुलिस ने मौक़े पर पहुंचकर स्थिति को समझा व अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात की।

## टूटने की कगार पर एक दो खड़े परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन मे महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दिनांक 2/8/2023 आपसी मतभेद के कारण टूटने की कगार पर एक दो खड़े परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया 1.वादी प्रियंका पुत्री कप्तान सिंह निवासी फफोत थाना रिजोर जिला एटा प्रतिवादी गोविंद पुत्र भानु प्रताप निवासी मोहल्ला नौरंगाबाद पूर्वी कस्बा सिकंदराराऊ जिला हाथरस 2. वादी ओमप्रकाश पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम मऊ मजरा थाना सुन्नगढ़ी जनपद कासगंज प्रतिवादी श्री श्यामवती पुत्री अजब सिंह निवासी नगला धनी पोस्ट थाना जलेसर जिला एटा की आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया दोनों अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती काउंसलर सीमा मल्होत्रा पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश गौरी पूजा मौजूद रहे।

## लिपिक विदुर पाल पर दीपाली भार्गव को रिश्वत देकर रज्जू के पक्ष में आदेश कराने का आरोप

हारुन बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद नगर के मोहल्ला सिविल लाइन मडैया निवासी सुधीर दिवाकर ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के लिपिक विदुर पाल सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है कि उन्होंने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के तबादले के बाद भू माफिया रज्जू उर्फ खालिद के पक्ष में आदेश कराया है शिकायती पत्र देकर डीएम को अवगत कराया गया कि सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने 1 जून को भू माफिया रज्जू उर्फ खालिद के ब्लू हेवन होटल को गिराने का आदेश दिया था फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने 9 जून को रज्जू के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया जबकि थाना मऊदरवाजा पुलिस ने रज्जू के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की 27 जून को अखबारों में सिटी मजिस्ट्रेट का तबादला होने की खबर छपी थी बताया जाता है रज्जू एवं लिपिक विदुर पाल ने सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश को वापस लिए जाने का षड्यंत्र रचा रज्जू ने विदुर पाल को मोटी रकम दी विदुर पाल विदुर पाल ने कानपुर स्थित श्रीमती दीपाली भार्गव के आवास पर जाकर उनको मोटी रकम दी और 1 जून की तिथि में सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा रज्जू के विरुद्ध पूर्व में पारित किए गए आदेश को वापस लेने के आर्डर पर हस्ताक्षर कराए सुधीर दिवाकर ने आरोप लगाया कि विदुर पाल भ्रष्टाचार में लिप्त है उसने भ्रष्टाचार करके अकूत संपत्ति एकत्र की है जिलाधिकारी से सिटी मजिस्ट्रेट के तबादले के बाद पारित किए गए
अबैध आदेश को निरस्त करने एवं लिपिक विदुर पाल के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की डीएम ने इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र एवं लिपिक विदुरपाल को तलब कर किया इस बात की जानकारी मिलते ही विदुर पाल बीते दिन अवकाश पर चला गया बताया गया कि मोटी रकम मिलने पर विदुर पाल विरोधी की फाइल ही गायब कर देता है इसने पहले भी महत्वपूर्ण फाइल गायब की और अभी भी एक फाइल गायब करने की सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा रिपोर्ट मांगी गई है अधिक कमाई करने के लिए विदुर पाल ने कार्यालय में अवैध रूप से कई गुर्गो को लगाया है मालूम हो किस सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव का तबादला होने पर पीड़ित लोगों ने काफी खुशी जताई थी प्लाटिंग गिराने की चेतावनी देखकर लाखों की वसूली किए जाने के कारण प्लाटिंग कारोबारी भयभीत हो गए थे किससे कितने रुपए वसूले गए अब इस बात की चर्चा होने लगी है नक्शा पास करने के नाम पर पर भी मोटी रकम वसूल की जाती है



